# मॉडल प्रश्न–पत्र–II

## कक्षा – बारहवीं

## विषय – अर्थशास्त्र

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 100**

---

**निर्देश**–1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

2. प्रश्न क्रमांक 1 चार खण्डों में विभाजित है खण्ड 'अ' सही विकल्प चुनकर लिखिए 5 प्रश्न), खण्ड 'ब' रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (5 प्रश्न), खण्ड 'स' सत्य/असत्य लिखिए (5 प्रश्न) तथा खण्ड 'द' एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए (5 प्रश्न) प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है।
3. प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है।
4. प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है।
5. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है।
6. प्रश्न क्रमांक 24 से 25 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है।
7. प्रश्न क्रमांक 26 और 27 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है और प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है।

प्रश्न 1. **खण्ड 'अ' सही विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

(i) आर्थिक विकास का साधारण माप है–

(अ) जनसंख्या का स्वाथ्य और शिक्षा का स्तर

(ब) जनसंख्या की वृद्धि दर

(स) प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद

(द) इनमें से कोई नहीं।

(ii) श्रम शक्ति का प्रतिशत, जो बेरोजगार है, कहलाता है–

(अ) रोजगार दर (ब) बेरोजगार जनसंख्या अनुपात

(स) बेरोजगार दर (द) श्रम शक्ति दर।

(iii) यदि दो चर परस्पर पूर्ण रूप से स्वतंत्र है तो इनके बीच सहसम्बंध होना चाहिए–

(अ) –1 (ब) 0

(स) +1 (द) +0·1।

(iv) उत्पादन की श्रम प्रधान तकनीक का अर्थ है–

(अ) उत्पादन में केवल श्रम का प्रयोग

(ब) उत्पादन इकाई पर श्रम का स्वामित्व

(स) आवश्यक वस्तुओं के उत्पादन की तकनीक

(द) वस्तुओं के उत्पादक में पूँजी की अपेक्षा श्रम का अधिक प्रयोग।

(v) किस बाजार में कीमत विभेद पाया जाता है–

(अ) शुद्ध प्रतियोगिता (ब) पूर्ण प्रतियोगिता

(स) एकाधिकार (द) एकाधिकार प्रतियोगिता।

**खण्ड 'ब' रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

(i) स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना .................................. से प्रारंभ की गई।

(ii) बहुवचन के रूप में सांख्यिकीय का अभिप्राय .................................. से है।

(iii) उपभोक्ता की आय .................................. को प्रभावित करती है।

(iv) जब उत्पादन शून्य हो तो कुल लागत .............................. के बराबर होती है।

(v) आय एवं बचत में परस्पर .................................. संबंध होता है।

**खण्ड 'स' सत्य/असत्य लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

(i) विश्व बैंक ने प्रति व्यक्ति आय के आधार पर देशों को चार वर्गों में बाँटा है।

(ii) सांख्यिकीय आँकड़े एक अकेले तथ्य अथवा कथन नहीं होते।

(iii) जब माँग तालिका को रेखाचित्र के रूप में प्रयुक्त किया जाता है, तो पूर्ति वक्र प्राप्त होता है।

(iv) उत्पत्ति ह्रास नियम का संबंध वस्तु की भौतिक मात्रा से होता है।

(v) साख का राशनिंग चयनात्मक साख नियंत्रण का महत्वपूर्ण रूप है।

**खण्ड 'द' एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

(i) अल्पकालीन उत्पादन फलन को क्या कहा जाता है ?

(ii) अल्पाधिकार में माँग वक्र कैसा होता है ?

(iii) लघु कालीन मूल्य को क्या कहते हैं ?

(iv) परिवहन व संचार को किस क्षेत्र में सम्मिलित किया जाता है।

(v) आर्थिक विकास के लिए कौन–सा बजट उपयुक्त होता है।

प्रश्न 2. ग्रामीण क्षेत्र के लिए गरीबी रेखा की परिभाषा दीजिए। (2)

प्रश्न 3. द्वितीयक समंक के स्रोत लिखिए। (2)

प्रश्न 4. उत्पादन संभावना वक्र की दो विशेषताएँ लिखिए। (2)

प्रश्न 5. समष्टि अर्थशास्त्र का अर्थ लिखिए। (2)

प्रश्न 6. मुद्रा द्वारा उपयोगिता को कैसे मापा जाता है ? (2)

प्रश्न 7. इच्छा माँग से किस प्रकार भिन्न है ? (2)

प्रश्न 8. प्राथमिक आगतें क्या है ? (2)

प्रश्न 9. औसत स्थिर लागत का सूत्र दीजिए। (2)

प्रश्न 10. पूर्ति के नियम की कोई दो मान्यताएँ लिखिए। (2)

प्रश्न 11. स्थानीय बाजार किन वस्तुओं का होता है ? (2)

प्रश्न 12. दोहरी गणना किसे कहते हैं ? (2)

प्रश्न 13. राजस्व प्राप्तियों के स्रोत लिखिए। (2)

प्रश्न 14. भारत में श्रम शक्ति में वृद्धि के क्या कारण है ? (3)

प्रश्न 15. अर्थव्यवस्था में संसाधनों की वृद्धि किस प्रकार हो सकती है ? (3)

प्रश्न 16. पैमाने के प्रतिफल का कारण समझाइये। (3)

प्रश्न 17. पूर्ण प्रतियोगिता तथा एकाधिकार में तुलना कीजिए। (3)

प्रश्न 18. वस्तु विनिमय की कठिनाइयों को मुद्रा कैसे हल कर सकती है ? किन्हीं तीन बिन्दु में समझाइए। (3)

प्रश्न 19. उपभोग रु. 500 तथा आय रु. 700 दी गई है। औसत उपभोग की प्रवृत्ति (APC) ज्ञात कीजिए। (3)

प्रश्न 20. मुद्रा के मुख्य कार्यों का उल्लेख कीजिए। समझाइए। (4)

प्रश्न 21. राजकोषीय नीति के कौन–से घटक है ? समझाइए। (4)

प्रश्न 22. राष्ट्रीय आय गणना की विधियाँ समझाइए। (4)

प्रश्न 23. किसी वस्तु की व्यक्तिगत माँग को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए। (4)

प्रश्न 24. किसी फैक्ट्ररी के 20 मजदूरों के वेतन की निम्न जानकारी का प्रयोग कर एक आवृत्ति सारणी बनाइए– (5)

450, 580, 600, 480, 540, 620, 400, 475, 500, 480, 620, 480, 570, 600, 650, 410, 550, 600, 650, 450

अथवा

प्राथमिक आँकड़ें एकत्र करने की प्रमुख विधियों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 25. एक स्थानीय कम्पनी के नियोजित कामगारों की आयु वितरण की आवृत्तियाँ नीचे दी गई– (5)

| आयु (वर्षों में) | आवृत्तियाँ |
|---|---|
| 30–39 | 2 |
| 40–49 | 3 |
| 50–59 | 7 |
| 60–69 | 5 |
| 70–79 | 1 |

(क) औसत आयु निर्धारित कीजिए।

(ख) मानक विचलन की गणना कीजिए।

अथवा

विभिन्न विद्यार्थियों के अध्ययन के घण्टों की संख्या और उनके सोने के घण्टों की संख्या के बीच सहसम्बंध गुणांक की गणना और विश्लेषण कीजिए–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अध्ययन के घण्टों की संख्या – | 2 | 4 | 6 | 8 | 10 |
| सोने की घण्टों की संख्या – | 10 | 9 | 8 | 7 | 6 |

प्रश्न 26. नियोजन की प्रक्रिया के चरणों की व्याख्या कीजिए। (6)

अथवा

भारत की प्रति व्यक्ति आय निम्न है, क्या आप इससे सहमत है ? कारण दीजिए।

प्रश्न 27. नीचे एक कारखाने के 20 कामगारों के साप्ताहिक मजदूरी के आँकड़ें दिए जा रहे हैं– (6)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| साप्ताहिक आय | 100 | 140 | 170 | 200 | 250 |
| कामगारों की संख्या | 5 | 2 | 6 | 4 | 3 |

कामगारों की साप्ताहिक आय के औसत की गणना कीजिए।

अथवा

माध्यिका द्वारा माध्य विचलन और माध्य विचलन गुणांक की गणना कीजिए–

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रति पौधे टमाटर की संख्या | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| पौधों की संख्या | 2 | 5 | 7 | 11 | 18 | 24 | 12 | 8 | 6 | 4 | 3 |